प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–19.06.2023 (सं0–315)

विभिन्न जिलों में ऑपरेशन मुस्कान की उपलब्धियॉ

आप सभी को विदित है कि आज के परिवेश में मोबाइल व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। समाज से जुड़े रहने, वर्तमान स्थितियों परिस्थितियों से अद्यतन रहने, अपने विचारों को साझा करने, बैंकिंग लेन देन, शिक्षा, मनोरंजन इत्यादि कई महत्वपूर्ण कार्य व्यक्ति के निजी मोबाइलों से सम्पन्न होते हैं। ऐसे में किसी का मोबाइल गुम हो जाये, चोरी हो जाये अथवा कोई छीन ले तो व्यक्ति अत्यन्त व्यथित हो जाता है।

जब पुलिस के द्वारा उनके गुम हुये चोरी हुए या छीने गये मोबाइल को रिकवर कर उन्हें लौटाया जाता है तो उनके चेहरे पर हर्ष भरी एक मुस्कान आती है। इसलिए इस ऑपरेशन को जिसमें आम जनों के खोऐ हुए मोबाइलों को ढूँढ़ कर उन्हें सौपा जाता है, ऑपरेशन मुस्कान की संज्ञा दी गई है। साथ हीं इन मोबाइलों को रिकवर कर अन्य अपराधिक घटनाओं में चोरी के मोबाइल के उपयोग पर रोक लगायी जा रही है।

उपलब्धियॉ

- वर्ष 2023 माह मई में ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत लगभग **400** मोबाइल रिकवर कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया।
- वर्ष 2023 के माह जनवरी से मई तक कुल **1411** मोबाइल रिकवर कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया।

जिला का नाम	माह मई का रिकवरी	माह जनवरी से माह मई तक
गोपालगंज	80	132
समस्तीपुर	52	333
कैमूर	51	101
बक्सर	25	256
पटना	24	44
भोजपुर	24	51
मोतिहारी	22	22
रोहतास	20	98
लखीसराय	15	59
सारण	12	37
बाँका	11	11
कटिहार	11	23
अरवल	10	58

नवादा	10	17
सहरसा	07	07
नवगछिया	05	14
सुपौल	05	09
पूर्णियाँ	04	32
अररिया	04	04
किशनगंज	03	30
जमुई	03	06
शेखपुरा	02	02
बगहा	00	43
औरंगाबाद	00	22
कुल	400	1411

XXXXX